पश्चिमि अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय

हाल ही में **नाइजर में तख्तापलट** की घटना के परिणामों से निपटने में **पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय** (Economic Community of West African States- ECOWAS) की सक्रिय भागीदारी ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है।

- **सैन्य तख्तापलट कर लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को अपदस्थ करने वाली** यह घटना विश्व स्तर पर एक अप्रत्याशित खतरे का संकेत है।

पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय:

- **परिचय:**
  - ECOWAS, जिसे फ्रेंच में CEDEAO के नाम से भी जाना जाता है, **वर्ष 1975 में स्थापित एक क्षेत्रीय अंतर-सरकारी संगठन** है।
  - **लागोस संधि** के माध्यम से गठित ECOWAS का उद्देश्य **पश्चिमि अफ्रीकी देशों के बीच आर्थिक एकीकरण, सहयोग और विकास को बढ़ावा देना है।**
  - इसका सचिवालय अबूजा, नाइजीरिया में है।
- **सदस्य राज्य:**
  - ECOWAS में कुल 15 सदस्य देश शामिल हैं: **बेनिन, बुर्किना फासो, केप वर्डे, कोटे डी आइवर, गाम्बिया, घाना, गिनी, गिनी बिसाऊ, लाइबेरिया, माली, नाइजर, नाइजीरिया, सिएरा लियोन, सेनेगल और टोगो।**
- **प्राथमिक लक्ष्य और उद्देश्य:**
  - सदस्य देशों के बीच आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना।
  - **लोगों, वस्तुओं और सेवाओं के मुक्त आवागमन की सुविधा** प्रदान करना।
  - **उद्योग, परिवहन, ऊर्जा और वित्त सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग** बढ़ाना।
  - **लोकतांत्रिक सिद्धांतों, कानून के शासन और सुशासन द्वारा शासित एक सीमाहीन क्षेत्र** को बढ़ावा देना।
  - सहयोग और संघर्ष के समाधान के माध्यम से सुरक्षा एवं राजनीतिक चुनौतियों का समाधान करना।
- **उपलब्धियाँ एवं पहल:**
  - एक क्षेत्रीय शांति सेना की स्थापना जिसे **पश्चिमि अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय निगरानी समूह (Economic Community of West African States Monitoring Group- ECOMOG)** के नाम से जाना जाता है, जिसने 1990 और 2000 के दशक के दौरान **लाइबेरिया** और सिएरा लियोन में संघर्षों को सुलझाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  - आर्थिक एकीकरण और व्यापार को बढ़ावा देने, **एक सामान्य मुद्रा बनाने के लिये ECOWAS एकल मुद्रा पहल** शुरू करना।
  - संयुक्त पहल और सहयोग के माध्यम से आतंकवाद, मानव तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने के प्रयासों का समर्थन करना।

//

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष प्रश्न

प्रश्न. हाल के वर्षों में चाड, गिनी, माली और सूडान ने निम्नलिखित में से किसी एक कारण से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया, जो इन सभी देशों से संबंधित है?

(a) दुर्लभ मृदा तत्त्वों से समृद्ध निक्षेपों की खोज
(b) चीनी सैन्य बेस का स्थापित होना
(c) सहारा मरुस्थल का दक्षिणाभिमुखी प्रसार

(d) सफल तख्ता-पलट

उत्तर: (d)

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/economic-community-of-west-african-states-1